>

Title: Need to provide funds for Kanhar irrigation Project in Sonbhadra district, Uttar Pradesh-laid.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद - सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां गरीबी, बेरोजगारी है तथा 80 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के लोग हैं। कृषि पर आधारित जीवन है। सिंचाई प्रबंध न होने के कारण कृषि उपज कम होती जा रही है, जिसके कारण भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

कनहर परियोजना के माध्यम से भूमि अत्यधिक मात्रा में सिंचित हो सकती थी, जिससे लोगों को रोजगार तथा पैदावार मिल सकता था। धनराशि उपलब्ध न होने के कारण कनहर परियोजना पर कार्य नहीं हो रहा है। इस परियोजना में प्रगति न होने से क्षेत्रीय जनता एवं किसान निराश हैं।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि कनहर परियोजना, सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) के लिए अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।